न्यायालय जिला कलक्टर भरतपुर

प्रार्थना पत्र/मुन्त./2025/23

मानसिंह पुत्र खूबीराम जाति जाटव निवासी बाछरैन तहसील भुसावर जिला भरतपुर

......प्रार्थी

बनाम

1. श्री राधेश्याम मीणा उपखण्डाधिकारी भुसावर
2. कमलेश गुप्ता पत्नि अशोक गुप्ता जाति वैश्य
3. मन्जू गुप्ता पत्नि संजय गुप्ता जाति वैश्य
4. त्रिवेनी पत्नि प्रेमसिंह जाति जाट
5. मोतीलाल पुत्र प्यारे जाति चोवदार **(मृतक)**

5/1. राजकुमार पुत्र मोतीलाल

5/2. लोकेश पुत्र मोतीलाल

5/3. शकुन्तला बेवा मोतीलाल

5/4. हेमलता पुत्री मोतीलाल पत्नि विजय

6. मोहनलाल पुत्र प्यारे
7. राज0 सरकार जरिये तहसीलदार भुसावर

(क्रमांक 2 से 7) निवासीयान वाछरैन तहसील भुसावर जिला भरतपुर

...... **गैरअप्रार्थीगण**

प्रार्थना पत्र मुन्तकिली विरूद्ध श्री राधेश्याम मीणा उपखण्डाधिकारी भुसावर व सिलसिले मुकदमा प्रा0 पत्र धारा 136 एल.आर. एक्ट मुकदमा संख्या 20/2022 उनवानी कमलेश बनाम सरकार

उपस्थितः—

1. श्री विजय सिंह कुन्तल अभिभाषक प्रार्थी
2. श्री प्रमोद कुमार उपमन अभिभाषक अप्रार्थीयान— 2,3,4, 5/1 लगा. 5/4

<u>आदेश</u> **<u>दिनांक 07.11.2025</u>**

प्रार्थी द्वारा यह मुन्तकिली प्रार्थना पत्र विरूद्ध गैरप्रार्थीयान व खिलाफ उपखण्डाधिकारी भुसावर इस आशय का पेश किया गया, संक्षेप में तथ्य इस प्रकार हैं कि न्यायालय उपखण्डाधिकारी भुसावर के यहाँ एक प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 136

......2

जिला कलक्टर
भरतपुर

एल.आर.एक्ट मुकदमा संख्या 20/2022 उनवानी कमलेश बनाम सरकार पेश किया गया था। प्रार्थी का आरोप है कि उपखण्डाधिकारी भुसावर द्वारा मुकदमा में नजदीक तारीख पेशी दी जा रही है। गैर सायल द्वारा न्यायालय परिसर के बाहर प्रार्थी को धमकी दी कि न्यायालय में लम्बित प्रार्थना पत्र को अपने पक्ष में फैसला कराने के सम्बन्ध में उनकी पीठासीन अधिकारी से बातचीत हो गई हैं। प्रार्थी ने भी अप्रार्थी0 को पीठासीन अधिकारी के चैम्बर से निकलते हुये देखा गया है। साथ ही वकील प्रार्थी का तर्क है कि पीठासीन अधिकारी की छवि भी अच्छी नहीं है तथा उनकी ऑन सौहरत है कि वह मिल्लत करते हुये फैसले देते हैं। इसलिये प्रार्थी को पीठासीन अधिकारी उपखण्डाधिकारी भुसावर से न्याय मिलने की उम्मीद नहीं है। इसलिये प्रार्थी का प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाकर न्यायालय उपखण्डाधिकारी भुसावर में लम्बित प्रकरण अन्य किसी दीगर न्यायालय में मुन्तकिल किये जाने की प्रार्थना की है।

प्रकरण दर्ज किया जाकर अप्रार्थीगण की तलबी की गई साथ ही उपखण्डाधिकारी भुसावर से प्रार्थना पत्र की प्रति भिजवाई जाकर टिप्पणी तलब की गई। उपखण्डाधिकारी भुसावर से प्राप्त टिप्पणी शामिल मिसिल की गई। वकील उभय पक्ष की बहस सुनी गई।

योग्य अभिभाषक प्रार्थी ने प्रार्थना पत्र में अंकित कथनों को दौहराते हुये तर्क दिया कि गैरसायल द्वारा न्यायालय परिसर के बाहर प्रार्थी को धमकी दी कि वह मुकदमा को न्यायालय से नजदीक की तारीख पेशी लेकर अपने पक्ष में फैसला करा लेगा जिस बाबत् पीठासीन अधिकारी उपखण्डाधिकारी भुसावर से बातचीत हो गई हैं। प्रार्थी द्वारा कई बार अप्रार्थीगण को पीठासीन अधिकारी भुसावर के चैम्बर से निकलते हुये देखा है। इस कारण प्रार्थी को उपखण्डाधिकारी भुसावर से न्याय मिलने की कोई उम्मीद नहीं है। प्रकरण को किसी अन्य न्यायालय में मुन्तकिल किया जावे।

योग्य अभिभाषक अप्रार्थी0 ने अपनी बहस के दौरान बताया कि मुन्तकिली प्रार्थना पत्र में झूठे एवं बेबुनियाद आरोप लगाये गये हैं। पीठासीन अधिकारी द्वारा पूर्ण निष्पक्ष रूप से विधिवत सुनवाई की जा रही है। उपखण्डाधिकारी भुसावर से अप्रार्थी0 की कोई बातचीत नहीं है। प्रार्थी प्रार्थना पत्र का निस्तारण नहीं होने देना चाहता है। प्रार्थी ने तहत न्यायालय में विचाराधीन प्रकरण को देरीना करने के लिए यह मुन्तकिली प्रार्थना पत्र लगाया गया है। प्रार्थना पत्र खारिज किया जावे।

.....3

जिला कलक्टर
भरतपुर

प्रार्थना पत्र/मुन्त./2025/23
मानसिंह बनाम राधेश्याम मीणा वगै0

हमने पत्रावली का अवलोकन किया। योग्य अभिभाषक उभय पक्ष की बहस पर गौर किया। उपखण्डाधिकारी भुसावर से प्राप्त टिप्पणी का अवलोकन किया। प्रार्थना पत्र मुन्तकिली में प्रार्थी ने जो आरोप लगाये हैं वे स्वीकर योग्य नहीं है क्योंकि प्रार्थी ने अपने मौखिक आरोपों के समर्थन में कोई दस्तावेजी साक्ष्य न्यायालय के समक्ष पेश नहीं किया है। जिससे कि उनके मौखिक कथनों की पुष्टी होती हो। बिना किसी ठोस कारण के प्रार्थना पत्र मुन्तकिली स्वीकार किये जाने से तहत न्यायालय में विचाराधीन प्रकरण के एक न्यायालय से दूसरे न्यायालय में स्थानान्तरण करने की प्रक्रिया में ही कॉफी समय बर्बाद हो जावेगा। ऐसी स्थिति में हम प्रार्थना पत्र मुन्तकिली खारिज किया जाना उचित पाते हैं।

अतः आदेश है कि :—

उपरोक्त विवेचनानुसार प्रार्थना पत्र मुन्तकिली खारिज किया जाता है। निर्णय की एक प्रति उपखण्डाधिकारी भुसावर को प्रेषित की जावे।

निर्णय आज दिनांक 07.11.2025 को सुनाया गया।

(कमर उल जमान चौधरी)
जिला कलक्टर,
भरतपुर